2019

4th Semester Examination

HINDI

PAPER – HINDI-404 (Group B)

Full Marks : 40

Time : 2 Hours

The figures in the right-hand margin indicate full marks.

Candidates are required to give their answers in their Own words as far as practicable.

Illustrate the answers wherever necessary.

(*Turn Over*)

1. **निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **4×2=8**

क) निराला पर लिखित किन्हीं दो आलोचनात्मक पुस्तकें एवं उसके लेखकों के नाम लिखिए।

ख) निराला की किन्हीं दो लंबी कविताओं के नाम एवं उनके प्रकाशन वर्ष बताइए।

ग) 'निराला की जीवनी का नाम क्या है?' उसके रचनाकार का नाम लिखिए।

घ) 'कुल्लीभाट' का प्रकाशन-वर्ष लिखिए। 'तोड़ती-पत्थर' कविता किस काव्य-संग्रह में संकलित है?

ङ) निराला पर किस दर्शन का प्रभाव था? साथ ही इनके निवास स्थान को भी बताइए।

च) निराला द्वारा संपादित पत्रिका का नाम एवं उसका प्रकाशन वर्ष बताइए।

छ) 'चूस लिया है उसका सार' पंक्ति का क्या अर्थ है?

ज) 'जूही की कली' कविता का प्रकाशन वर्ष क्या है? किस पत्रिका के संपादक ने अश्लीलता का आरोप लगाते हुए इसे छापने से मना कर दिया था?

2. **निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर लिखिए-** **4×4=16**

क) "कितने कठोर होते है पुरुष! इन्हें संभलकर वार्तालाप करना नहीं आता। क्या यही यथार्थ उत्तर है?" कनक सोचती रही। फिर तमककर कहा हां, मैंने ठीक बदला चुकाया, मैं भी स्त्री हूँ।
इन पंक्तियों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

ख) 'हमारे साहित्य का ध्येय' निबंध की संक्षिप्त समीक्षा किजिए।

ग) 'तिरती है समीर-सागर पर
अस्थिर सुख पर दुख की छाया
जग के दग्ध हृदय पर
निर्दय विप्लव की प्लावित माया'...
..... इस पद्यांश की समीक्षा किजिए।

घ) 'देवी' कहानी का सार संक्षेप में प्रस्तुत कीजिए

ङ) 'चकित चितवन निज़ चारों ओर फेर
हेर प्यारे को सेज़-पास
नम्र मुख हँसी-खिली
खेल रंग, प्यारे-संग' ...
..... इस पद्यांश की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए।

च) 'देखते देखा मुझे तो एक बार
उस भवन की ओर देखा, छिन्नतार
देखकर कोई नहीं
देखा मुझे उस दृष्टि से
जो मार खा रोई नहीं' ...
..... इन पंक्तियों में व्यक्त भाव को स्पष्ट कीजिए।

छ) 'राजे ने रखवाली की' कविता का भाव-सौंदर्य स्पष्ट कीजिए।

ज) वह एक ऐसे जाल में फँसा है, ज़िसे वह काटना चाहता है। भीतर से उसका, पूरा ज़ोर उभर रहा है, पर एक कमज़ोरी है, जिसमें बार-बार उलझ कर रह जाता है।

3. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर दीजिए - 2×8=16

क) 'कुकुरमुत्ता' कविता के आधार पर निराला की प्रगतिशील चेतना पर प्रकाश डालिए।

ख) 'अप्सरा' उपन्यास में व्यक्त मूल संवेदना को विवेचित कीजिए।

ग) 'चतुरी चमार' कहानी का मूल उद्देश्य क्या है? स्पष्ट कीजिए।

घ) 'हिन्दी कविता-साहित्य की प्रगति' निबंध में किन स्थापनाओं की चर्चा है? स्पष्ट कीजिए।